भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 858

जिसका उत्तर 06.02.2020 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों का निर्माण

858. डॉ॰ रमापति राम त्रिपाठीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में अंतर-राज्यीय राजमार्गों सहित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर निर्मित पुलों का एनएच-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को उक्त अवधि के दौरान पुलों और सड़कों के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): यह मंत्रालय मुख्य रूप से देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कार्य तदनुसार पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात घनत्व और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार किया जाता है। पुलों का निर्माण सामान्यत: विभिन्न सड़क खंडों के विकास के साथ गलियारा संबंधी दृष्टिकोण (कॉरिडोर अप्रोच) के तहत किया जाता है। गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में निर्मित बडे/छोटे पुलों की रारा-वार संख्या संलग्न है।

(ख) एवं (ग): गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त तीस प्रस्तावों को इस मंत्रालय द्वारा 6262 करोड़ रु. की लागत के साथ मंजूरी प्रदान की गई थी।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों का निर्माण' के संबंध में डॉ॰ रमापति राम त्रिपाठी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.02.2020 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 858 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

उत्तर प्रदेश राज्य में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान निर्मित बडे/छोटे पुलों की राष्ट्रीय राजमार्ग-वार संख्या:

क्र.सं.	**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या**	**निर्मित पुलों की संख्या**
1	2	4
2	24	1
3	29	4
4	29e	5
5	56	4
6	72ए	1
7	74	2
8	76	22
9	76E	3
11	96	5
11	730	18
12	233	10
13	235	8
14	गोरखपुर बाईपास (रारा-29ई और रारा-28 को जोड़ने वाला)	2

*****